## दिनांक 10.08.2022 को जय सिंह, भा0प्र0से0, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा निदेशालय तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना के पदाधिकारियों/कर्मियों के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :– यथा संधारित।

कार्यवाही :–

भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय तथा राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के कर्मियों द्वारा सम्पादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में एवं पूर्व की समीक्षात्मक बैठकों में दिये गए निदेश तथा उन निदेशों के अनुपालन की स्थिति निम्नवत है:–

| क्र0सं0 | संबंधित कर्मी/कोषांग | | बैठक में दिये गए निदेश | अनुपालन की स्थिति एवं निदेश |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री वीरेन्द्र कुमार, प्रभारी विशेष सर्वेक्षण कोषांग | i | वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन | दिनांक 25.07.2022 को वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन के Sample Copy उपलब्ध कराये जाने के बावजूद अभी तक वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन की प्रति निदेशालय को उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है। निदेश दिया जाता है कि दो दिनों के अन्दर इसकी प्रति निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। |
| | | ii | मार्बल एवं तकनीकी मार्गदर्शिका | मार्बल का नया संस्करण की छपाई की जानी है। इस हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। |
| | | iii | महत्वपूर्ण पत्रों को संकलित कर पुस्तक के रूप में छपाई हेतु उपलब्ध कराना | माह जनवरी, 2022 से जून, 2022 तक निदेशालय स्तर से निर्गत महत्वपूर्ण पत्रों आदि की छपाई कर निदेशालय को उपलब्ध कराने संबंधी कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। |
| | | iv | निदेशालय स्तर पर संचालित सभी प्रकार के सॉफ्टवेयर मैनुअलों का संकलन | सर्वे ट्रैकर सॉफ्टवेयर का मैनुअल आम जनता हेतु तैयार करने का निदेश दिया गया। अगली बैठक के पूर्व इस कार्य का निष्पादन सुनिश्चित किया जाय। |
| | | v | प्रशिक्षण से संबंधित विपत्रों का GoI राशि से समायोजन से संबंधित प्रस्ताव | पूर्व की कई बैठकों में निदेश दिए जाने के बावजूद राज्य योजना मद से जो प्रशिक्षण संबंधी कार्य हेतु भुगतान किया जा चुका है उसे भारत सरकार से प्राप्त राशि से समायोजन का कार्य लगभग एक साल से लम्बित है। इस कार्य में अनावश्यक विलम्ब किया जा रहा है। निदेश दिया गया कि प्रत्येक दशा में प्रशिक्षण से संबंधित विपत्रों का GoI राशि से समायोजन/Adjustment से संबंधित प्रस्ताव अगली बैठक के पूर्व उपस्थापित किया जाय। |
| 2. | श्री राकेश कुमार, सहायक | i | मासिक विपत्र यथा – विद्युत, दूरभाष इत्यादि का भुगतान | पृच्छा करने पर बताया गया कि मासिक विपत्रों का भुगतान ससमय किया जा रहा है।<br>विद्युत विभाग द्वारा अधिष्ठापित किये गए ट्रान्सफर्मर में अचानक खराबी/वोल्टेज के उतार चढ़ाव आने के कारण निदेशालय के कई उपकरण खराब हो गये है। इस संबंध में विद्युत विभाग को पत्र देने का निदेश दिया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | श्री राकेश कुमार, सहायक | ii | राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया | उल्लेखनीय है कि नवचयनित राजस्व कर्मचारियों का प्रशिक्षण राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, बोधगया में भी दिया जाना है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, गया को सूचारू ढ़ंग से कार्यरत बनाने हेतु आधारभूत संरचना एवं उपस्कर की खरीद हेतु बजट में राशि की उपलब्धता को देखते हुए टेन्डर का प्रस्ताव यथाशीघ्र उपस्थापित की जाय। |
| 3. | श्री बब्लु कुमार, सहायक | i | बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट | बिहार प्रोजेक्ट के रिक्त पदों पर पदस्थापन हेतु आवश्यक प्रस्ताव/विज्ञापन उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। |
| | | ii | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन | प्रमाण पत्रों की जांच/सत्यापन आदि से संबंधित दिये गए निदेश के अनुसार विवरणी की जांच/क्रॉस चेक करते हुए अगली बैठक में अद्यतन स्थिति के साथ उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। उक्त के अतिरिक्त त्यागपत्र की अद्यतन स्थिति की पदवार विवरणी को भी अगली बैठक में उपस्थापित करने हेतु निदेशित किया गया। प्रमाण–पत्रों के सत्यापन में संबंधित द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय की सभी विशेष सर्वेक्षण कर्मियों के प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु भेज दिया गया है ताकि किसी भी कर्मी का सत्यापन लम्बित न रहे। यदि किसी संस्थान द्वारा सत्यापन संबंधी सूचना प्राप्त नहीं होती है तो प्रत्येक 6 दिनों पर स्मार देना सुनिश्चित करें।<br>फर्जी पाये गए अभ्यर्थियों के संबंध में यदि कोई जानकारी प्राप्त होती है तो इस संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतते हुए त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। |
| | | iii | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन | |
| | | iv | विशेष सर्वेक्षण अमीन (अमानत) के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन | |
| 4. | श्री दीपक कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक | i | विशेष सर्वेक्षण अमीन के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन | |
| | | ii | विशेष सर्वेक्षण लिपिक के प्रमाण–पत्रों का सत्यापन | |

**विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की पदवार अद्यतन विवरणी :–**

| | | Verification Sent & Received | Verification OK | Terminated | Fee Demand | Court Matter | Resigned | लम्बित स्मार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विशेष सर्वेक्षण अमीन | Sent - 3457<br>Received - 2250 | 1728 | Fake Certificate 251<br>Other Reason 29<br>In Process 32 | 24 | 15 | 171 | NIL |
| 02 | विशेष सर्वेक्षण लिपिक | Sent - 364<br>Received - 226 | 159 | Fake Certificate 00<br>Others Reason 01 | 21 | 00 | 39 | 138 |
| 03 | विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी | Sent - 221<br>Received - 145 | 119 | Fake Certificate 01<br>Others Reason 03 | 24 | 01 | 38 | 76 |

| | | | | Verification Sent & Received | Verification OK | Terminated | Fee Demand | Court Matter | Resigned | लम्बित स्मार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 04 | विशेष सर्वेक्षण कानूनगो | Sent - 340<br>Received - 304 | 270 | Fake Certificate<br>11<br>Others Reason<br>07 | 23 | 00 | 18 | 36 |
| | | 05 | विशेष सर्वेक्षण अमीन (अमानत) | Sent - 487<br>Received - 428 | 424 | Fake Certificate<br>12<br>Others Reason<br>71 | 00 | 01 | 08 | 50 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | प्रशाखा पदाधिकारी | i. | प्रमाण–पत्रों के सत्यापन हेतु राशि की मांग से संबंधित मामले का निपटारा | वित्त विभाग से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में प्रमाण–पत्र सत्यापन, शुल्क भुगतान हेतु हेड खोलने का प्रस्ताव उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।<br>जिन संस्थानों द्वारा प्रमाण पत्र के सत्यापन हेतु राशि की मांग की जा रही है उन संस्थानों के नाम के साथ संबंधित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की विवरणी एवं राशि का उल्लेख करते हुए एक समेकित प्रतिवेदन तैयार करने का निदेश दिया गया। कार्य की महत्ता एवं आवश्यकता को देखते हुए इस कार्य को तुरंत किया जाय। |
| | | ii | e-Office से संबंधित | वर्त्तमान में e-Office के माध्यम से बहुत कम संख्या में संचिका उपस्थापित की जा रही है। पुनः निदेश दिया गया कि न्यायालय/सूचना का अधिकार/कोर्ट केस/टेन्डर आदि को छोड़कर अन्य कोई भी संचिका भौतिक रूप में उपस्थापित नहीं की जाएगी। सभी संचिकाओं का उपस्थापन e-Office के माध्यम से ही किया जाना सुनिश्चित किया जाय। इस सप्ताह उपस्थापित संचिकाओं के संबंध में संबंधित सहायक/लिपिक द्वारा निम्न जानकारी दी गयी– |

| क्र0 सं0 | नाम | e-Office के माध्यम से उपस्थापित संचिकाओं की कूल संख्या |
|---|---|---|
| 1 | श्री शशि रंजन प्रसाद | 01 |
| 2 | श्री राकेश कुमार | — |
| 3 | श्री बब्लु कुमार, सहायक | 06 |
| 4 | श्री विजय सम्राज्य | 04 |
| 5 | श्री मुन्ना कुमार चौधरी | शून्य |
| 6 | श्री सुमन जी कपूर, नि0व0लि0 | शून्य |
| 7 | श्री दीपक कुमार, नि0व0लि0 | 09+ |
| 8 | श्री संतोष कुमार, लेखापाल | शून्य |
| 9 | श्री मो0 इजहार मल्लिक, नि0व0लि0 | शून्य |

सहायक निदेशक एवं प्रशाखा पदा0 भी साप्ताहिक बैठक में E-Office के माध्यम से उनके द्वारा उपस्थापित संचिकाओं के संबंध में समग्र जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | प्रशाखा पदाधिकारी | iii | बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग के कर्मियों का R2R सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि | इस संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग के कर्मियों के डाटा को R2R सॉफ्टवेयर में प्रविष्टि कर ली गयी है। प्रशाखा पदाधिकारी/स्थापना शाखा को इसका सत्यापन करने का निदेश दिया गया। |
| | | iv | लम्बित संचिकाओं के संबंध में | विभाग के स्तर पर लम्बित संचिकाओं के संबंध में निदेश दिया कि विभाग को प्रत्येक 15 दिन पर लम्बित संचिकाओं का स्मार देने का निदेश दिया गया। |
| | | v | स्थापना से संबंधित अनुशासनिक कार्रवाई | (क) बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा समीक्षात्मक बैठक में अक्सर यह सूचित किया जाता है कि उनके द्वारा प्रेषित अनुशासनिक मामलों का निष्पादन निदेशालय स्तर पर लम्बित रहता है एवं कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। अनुशासनिक मामलों के निष्पादन में तीव्रता लाने का निदेश दिया गया। साप्ताहिक रूप से लंबित मामलों के संबंध में संबंधित सहायक द्वारा प्रमाण पत्र देने का निदेश दिया गया कि उनके स्तर से कोई मामला लम्बित नहीं है। अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित कुल मामलों की सूची अगली बैठक में उपस्थापित करने का भी निदेश दिया गया।<br><br>(ख) समीक्षा के क्रम में यह बात संज्ञान में आयी है कि ऐसे कई सारे मामले हैं जिसमें त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता होती है उसमें महीनों विलम्ब हुआ है। पूर्व में भी सभी सहायकों/लिपिकों के लॉगबुक की नियमित अंतराल पर जांच करने का निदेश दिया जा चुका है। प्रशाखा पदाधिकारी कृपया इससे संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन उपस्थापित करें।<br><br>(ग) एक माह से अधिक समय व्यतित होने के पश्चात् भी निदेशालय में योगदान नहीं करने वाले सहायक के विरूद्ध कार्रवाई हेतु सामान्य प्रशासन विभाग को पत्र देने का निदेश दिया गया। |
| | | vi | हेल्पलाईन | डेडिकेटेड हेल्पलाइन के संचालन से संबंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। |
| | | vii | बन्दोबस्त कार्यालयों के समीक्षा हेतु ऑनलाईन प्रपत्र | बन्दोबस्त कार्यालयों के समीक्षा हेतु तैयार किये गए ऑनलाईन प्रपत्र में आवश्यक संशोधन हेतु उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। |
| | | viii | तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मियों के वर्त्तमान पदस्थापन के अनुसार अद्यतन करना | पूर्व की बैठक में निदेश के आलोक में तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के कर्मियों के वर्त्तमान पदस्थापन के अनुसार अद्यतन के संबंध में पृच्छा करने पर संबंधित सहायक द्वारा जानकारी दी गयी कि इस कार्य को पूर्ण कर लिया गया है। इस संबंध में अविलम्ब प्रमाण–पत्र समर्पित करने का निदेश दिया गया। प्रशाखा पदाधिकारी को उक्त का सत्यापन करने हेतु निदेशित किया गया। |
| 7. | श्री अशोक कुमार शर्मा, स0ब0पदा0 | | न्यायालय से संबंधित। | संविदा कर्मियों द्वारा दायर किये गए केस एवं उक्त पर निदेशालय द्वारा लिए गए Stand से संबंधित एक Comprehensive रिपोर्ट Categorywise तैयार करने का निदेश दिया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8. | श्री विजय सम्राज्य, सहायक (बि0प्रो0मै0यू0) | i | भवन निर्माण विभाग से संबंधित | भवन निर्माण विभाग से संबंधित जितने Pending Issues है उसके संबंध में नियमित अंतराल पर स्मारित करने का निदेश दिया गया |
| | | ii | NIC एवं LGD Code से संबंधित | जिस ग्राम का नाम डाटाबेस से Delete किया जाना है उसके संबंध में NIC को पत्र भेजा का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त जितने LGD Code Generate हो गए है उनकी सूचना भी पत्र के माध्यम से NIC को उपलब्ध करा दी जाय।<br>जिन जिलों से LGD Code प्राप्त नहीं हुए हैं उन्हें स्मार देना सुनिश्चित किया जाय। |
| | | iii | MRR की अद्यतन स्थिति | डाटा केन्द्र –सह– आधुनिक अभिलेखागार को कार्यकारी/आधुनिकीकरण हेतु चयनित एजेंसी/फर्म के लम्बित भुगतान से संबंधित प्रतिवेदन के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि 30 जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि 30 अगस्त, 2022 तक प्रत्येक दशा में सभी जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय। उल्लेखनीय है माह–सितम्बर के प्रथम सप्ताह में मुख्य सचिव महोदय द्वारा उक्त की समीक्षा की जानी है।<br>संबंधित सहायक द्वारा बैठक में बताया गया कि कुछ जिलों द्वारा डाटा केन्द्र –सह– आधुनिक अभिलेखागार से संबंधित निर्धारित समय सीमा के समाप्ति के पश्चात् भी पुर्ननिविदा संबंधी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि यदि इस तरह की कार्रवाई की जाती है तो इसकी सारी जवाबदेही उनकी होगी। इस संबंध में पत्र के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कराने का निदेश दिया गया।।<br>उक्त के अतिरिक्त डाटा केन्द्र –सह– आधुनिक अभिलेखागार के Updated Operationalisation Summary Status से संबंधित चार्ट को शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया। |
| | | iv | हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों के भुगतान से सम्बन्धित। | विशेष सर्वेक्षण कोषांग द्वारा एजेंसी से संबंधित किये जा रहे कार्यो के आधार पर कटौती का मैट्रिक्स तैयार किया गया था। उक्त के आधार पर संचिका में कमेंट के रूप में प्रस्ताव स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय कि एजेंसियों के भुगतान में कटौती की जानी है अथवा नहीं। |
| | | v | ETS procurement से संबंधित | इस संबंध में पुनः संचिका उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। |
| | | vi | GIS Setup से संबंधित | इस संबंध में Core GIS हेतु प्रस्ताव संचिका में शीघ्र उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। |
| | | vii | भारत सरकार से संबंधित। | भारत सरकार के स्तर पर Pending Issues के संबंध में भी स्मार देने का निदेश दिया गया। |
| 9. | श्री संतोष कुमार, लेखापाल (बि0प्रो0मै0यू0) | i | टैली सॉफ्टवेयर से संबंधित | बिहार प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट के लेखापाल द्वारा टैली सॉफ्टवेयर में किये गए प्रविष्टि से संबंधित की जा रही कार्रवाई को अगली बैठक में प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। प्रशाखा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे लेखापाल के टैली सॉफ्टवेयर में किये जा रहे कार्यो का अवलोकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | श्री मुन्ना कुमार चौधरी, उ0व0लि0 | | लाईब्रेरी का संचालन | पृच्छा करने पर बताया गया कि लाईब्रेरी हेतु क्रय किये गए पुस्तकों को मुहर लगाकर सूचीबद्ध किये जाने एवं पुस्तकों के बाईडिग का कार्य किया जा रहा है। |
| 11. | श्री सुमन जी कपूर, नि0व0लि0 | i | बेल्ट्रॉन से संबंधित | बेल्ट्रॉन के साथ पूर्व की बैठकों का Followup करने का निदेश दिया गया। बेल्ट्रॉन के जितने Pending Issues है उसके संबंध में नियमित अंतराल पर स्मारित करने का भी निदेश दिया गया। |
| | | ii | डोर स्टेप डिलेवरी | डोर स्टेप डिलेवरी से उद्घाटन से संबंधित तैयारी पूर्ण करने तथा डोर स्टेप संबंधी विज्ञापन शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया। |
| 12. | श्री मो0 अली, प्रभारी, आई0टी0 कोषांग | | आई0टी0 से संबंधित। | बैठक में निम्न अंकित कार्य को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गयाः–<br>(क) अंचल अभिलेख भवन पोर्टल को डिजीलॉकर से जोड़ने का कार्य,<br>(ख) ऑनलाइन सेवाओं के APIs को API Setu पर प्रकाशित करने कर कार्य,<br>(ग) ऑनलाइन सेवाओं को UMANG से इंटीग्रेट करना<br>(घ) निदेशालय के वेबसाइट पर विशेष सर्वेक्षण से संबंधित जनशिकायत का एक अलग टैब बनाकर Form Design करना है जिसमें जिला/अंचल/मौजा का चयन कर शिकायत दर्ज अथवा अपलोड किया जा सकेगा। शिकायत का Category भी बनाने का निदेश दिया गया। विशेष सर्वेक्षण से संबंधित जनशिकायत का पर्यवेक्षण निदेशालय स्तर से किया जाना सुनिश्चित किया जाना है।<br>(ङ) निदेशालय के वेबसाईट पर सभी महत्वपूर्ण पत्रों व सूचनाओं को प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। विभाग के वेबसाइट पर प्रदर्शित एक्ट/ नियमावली/पत्र/अधिसूचना/अधिनियम आदि को भी निदेशालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का निदेश दिया गया। |
| 13. | अन्यान्य | (a) | विशेष सर्वेक्षण कोषांग से संबंधित | (क) DCLR के स्तर से सर्वेक्षण कार्य में किये जाने वाले कार्यो हेतु निर्देश पत्र प्रेषित करने संबंधी कार्य<br>(ख) अंचल अधिकारी को प्रपत्र–5 एवं 6 में की गयी प्रविष्टि को देखने हेतु पत्र देना।<br>(ग) Phase-3 एवं 4 के संबंध में पृच्छा करने पर बताया गया कि शिविर तैयार कर लिया गया है। इस संबंध में निदेश दिया गया कि जिलों से भी इस हेतु सहमति प्राप्त करने हेतु पत्र भेजना सुनिश्चित किया जाय।<br>(घ) SO PoP के पुनर्निधारण संबंधी कार्य करना सुनिश्चित किया जाय। |
| | | (b) | Spatial mutation file | इस संबंध में लोक वित्त समिति हेतु संलेख/Cabinet Note बना कर उपस्थापित करने का निदेश दिया गया। |
| | | (c) | DEO demand to BELTRON | पृच्छा करने पर बताया गया इस संबंध में संचिका उपस्थापित कर दिया गया है। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अन्यान्य | (d) | अंचल अभिलेख भवनों से सम्बन्धित सेवाओं के लिए सोसाइटी का गठन | सभी प्रकार के ऑनलाईन सेवाओं के संचालन एवं रख–रखाव जिस प्रकार मद्द निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग द्वारा गठित सोसायटी के आधार पर किया जाता है उसी के आधार पर सोसाइटी गठन का प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। |
| | | (e) | TA proposal for SS employees | विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मी के Travel Allowance के साथ–साथ मानदेय बढ़ोत्तरी से संबंधित Proposal उपस्थापित करने का निदेश दिया गया ताकि आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित कमिटी को इसे भेजा जा सके। |

उक्त के अतिरिक्त पूर्व की समीक्षात्मक बैठकों में दिये गए निदेश जिसका अनुपालन नहीं किया जा सका है, को शीघ्र पूर्ण करने का निदेश एवं सभी कर्मियों को अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन के साथ आगामी बैठक में उपस्थित रहने का निदेश दिया गया।

(जय सिंह) 16/8/22
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 121 / गो0 पटना, दिनांक 16-08-2022

**प्रतिलिपि** :– सहायक निदेशक / प्रशाखा पदाधिकारी / संबंधित कर्मी, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय / राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**

ज्ञापांक :– 121 / गो0 पटना, दिनांक 16-08-2022

**प्रतिलिपि** :– प्रभारी, आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 16/8/22